**खबर संक्षेप**

## हत्यारे पति को आजीवन कारावास

**निवास।** मीडिया प्रभारी अभियोजन जिला मण्डला द्वारा जानकारी दी गई कि अपर सत्र न्यायालय निवास ने दिनांक 24.11.2025 को अपनी पत्नि का रस्सी से गला घोंटने के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। थाना बीजाडांडी के अप०क्र० 341/2022 पर संस्थित सत्र प्रकरण क्रमांक 06/2023 के आरोपी सुम्मत सिंह उरैती निवासी ग्राम डुंगरिया नदियाटोला, थाना बीजाडांडी जिला मण्डला द्वारा अपनी पत्नि का रस्सी से गला घोंटकर हत्या करने के मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने यह निर्णय दिनांक 24.11.25 को दिया। मामला इस प्रकार है, कि घटना दिनांक 22.12.2022 को फरियादी शिवचरण मसराम को उसकी बहन के पड़ोसी ने फोन पर बताया कि जल्दी से एम्बूलेंस को फोन कर दो तुम्हारी बहिन की तबीयत ज्यादा खराब है। तब वह अपने बड़ेभाई के साथ ग्राम डुंगरिया जाकर देखा तो इसकी बहिन कुछ बोल नहीं रही थी इसका बहनोई शराब के नशे में था। आगे उसने बताया कि इसके बहनोई ने पहले भी इसकी बहिन के साथ मारपीट कर चुका था और दिनांक 22.12.22 को इसके बहनोई सुम्मत ने ही रस्सी से गला घोंट कर इसकी बहिन की हत्या की है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना पूर्ण करके प्रकरण मान्नीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान न्यायालय में आई साक्ष्य एवं अभियोजन की ओर से प्रस्तुत तर्कों पर विचार करते हुए मान्नीय अपर सत्र न्यायाधीश ने प्रकरण के आरोपी सुम्मत सिंह उरैती को धारा 302 भादंवि में आजीवन कारावास एवं 5000.00 रू0 के अर्थदंड से दंडित किया।

**प्रकरणों के संतुष्टि पूर्वक निराकरण पर फोकस करने फिर मिले निर्देश**

# सीएम हेल्पलाईन पर क्यों गंभीर नहीं अधिकारी

*** टीएल पत्रों का रिप्लाई 24 घंटे के भीतर करें।**

हरिभूमि न्यूज >> मण्डला



कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने योजना भवन में आयोजित समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कहा कि सीएम हेल्पलाइन में अंतिम सप्ताह में हमारी गति धीमी होने से रैंकिंग प्रभावित हुई थी। इस माह सभी जिलाधिकारी शिकायतों के संतुष्टि पूर्वक निराकरण पर फोकस करें। उन्होंने वर्तमान माह की रैंकिंग में सी तथा डी श्रेणी में रहे विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी रैंकिंग में अपनी स्थिति बेहतर करने के लिए अभी से शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संतुष्टि पूर्वक निराकरण कराएं।

राजस्व, नगरीय प्रशासन, ग्रामीण विकास, श्रम, ऊर्जा, स्वास्थ्य एवं जनजातीय कार्य जैसे अधिक संख्या में शिकायतों वाले विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि सभी अधिकारी दैनिक आधार पर लक्ष्य तय करते हुए प्रतिदिन फालो-अप लें। जिससे शिकायत निराकरण में शुरुआत से ही गति बनाई जा सके। उन्होंने टीएल पत्रों की समीक्षा करते हुए कहा कि सर्व संबंधित ध्यान रखें कि टीएल पत्रों का रिप्लाई 24 घंटे के भीतर करें और तीन दिवस में टीएल क्लोज कराएं।

खरीफ फसलों के उपार्जन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि धान के उपार्जन के लिए बनाए गए सभी केन्द्रों का कृषि व संबद्ध विभागों के अधिकारी विजिट करें और बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित कराएं। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कृषि व संबद्ध विभाग के निरीक्षण के अलावा पृथक से केंद्रों का निरीक्षण अवश्य करें। जिससे समय से पूर्व तैयारियां सुनिश्चित हों। कोदो- कुटकी उपार्जन की तैयारियों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि श्री अन्न फेडरेशन द्वारा बनाए जा रहे मुख्य उपार्जन केंद्र बिछिया के अलावा अन्य उप केंद्रों को भी विभागीय टीम भ्रमण कर देखे और किसानों को किसी तरह की असुविधा न हो यह सुनिश्चित करे।

उच्च न्यायालय के अवमानना एवं रिट पिटीशन के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि अवमानना प्रकरणों में माननीय न्यायालय के आदेश अनुसार कंप्लायंस करें और रिट पिटीशन में समुचित जवाब न्यायालय में पेश कर प्रतिवेदन की पावती की कापी जिला शाखा में जमा कराएं।



जनजातीय कार्य विभाग में ई - अटेंडेंट की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देशित किया कि 17 नवंबर से ई- अटेंडेंट न लगाने वाले अधिकारी - कर्मचारियों का वेतन जारी नहीं किया जाएगा। छात्रावासों के निरीक्षण के संबंध में उन्होंने कहा कि ड्यूटी आदेश के अनुसार सर्व संबंधित दो दिवस में निरीक्षण कर परख एप पर इसकी रिपोर्टिंग अपडेट करें। बैठक में सीएम/सीएस मानिट, आगामी रोजगार मेले में मनेरी के उद्योगों को भी शामिल करने सहित विभिन्न विषयों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।

इस दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, डिप्टी कलेक्टर सचिन जैन, समस्त एसडीएम तथा जिलाधिकारी योजना भवन में मौजूद रहे। समस्त तहसीलदार, नारायणगंज व नैनपुर जनपद पंचायत सीईओ, समस्त बीएमओ वीसी के जरिये बैठक में शामिल हुए।

# शतरंज टूर्नामेंट में आशुतोष ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज >> मण्डला

जीएच रायसोनी मेमोरियल जबलपुर में एक दिवसीय ओपन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें मंडला के ब्रेन मास्टर शतरंज अकादमी से अंडर 11 श्रेणी में आशुतोष जायसवाल ने टॉप 5 पर 4वां रैंक हासिल किया है। उनके 7 पॉइंट में 3 पॉइंट मिले और ओपन श्रेणी पर प्रकाश वंशकार ने छठी रैंक प्राप्त की है एवं शारीरिक रूप से विकलांग चुनौती श्रेणी पर प्रथम रैंक प्राप्त करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। वहीं टूर्नामेंट पर अलग अलग जिलो से लगभग 200 खिलाड़ियो ने भाग लिया था। जिनमें ब्रेन मास्टर शतरंज अकादमी से आशुतोष जयसवाल, अर्णव उपाध्याय, प्रकाश वंशकार और कोच भास्कर गैरयार की सहभागिता रही। वहीं आशुतोष के विजय होने पर और मंडला आगमन पर बिङ्कूषझया चौराहा में स्वागत किया गया यहां पर सामाजिक कार्यकर्ता नीरज अग्रवाल, किशोर रजक, रैनू कछवाहा, विजय अग्रवाल, श्रीमति संजुलता सिंगौर, राखी वंशकार, पलक झारिया सहित अन्य लोगो ने स्वागत करते हुए पुष्पमाला पहनाई वहीं बस स्टैंड स्थित माता खैरमाई मंदिर में पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान आशुतोष के पिता विकास जायसवाल, माता श्रीमति ज्योति अग्रवाल, दादा ओमप्रकाश जायसवाल, दादी श्रीमति मीना जायसवाल, बड़े पापा अनिल जायसवाल, बड़ी मम्मी श्रीमति राखी जायसवाल, बहन अंजली जायसवाल ने स्वागत करते हुए बधाई दी है।

# एसआईआर में शतप्रतिशत कार्य के लिए 9 बीएलओ सम्मानित

*** कलेक्टर ने की कर्तव्य के प्रति उनकी निष्ठा और लगन की सराहना।**

हरिभूमि न्यूज >> मण्डला





मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। मतदान केन्द्रों में बूथ लेवल ऑफिसर्स द्वारा मतदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क किया जा रहा है। संपर्क के दौरान मतदाताओं को गणनापत्रक का वितरण एवं जानकारी संकलन कर बीएलओ ऐप के माध्यम से बूथ लेवल ऑफिसर्स द्वारा डिजिटाईज किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सोमवार को गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा करने वाले विधानसभा क्रमांक 107 मंडला के अंतर्गत नैनपुर अनुविभाग के 9 बीएलओ को बधाई दी है तथा कर्त्तव्य के प्रति उनकी निष्ठा और लगन की सराहना की है। कलेक्टर श्री मिश्रा सभी बीएलओ को शॉल एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। यह कार्य एसडीएम नैनपुर श्री आशुतोष ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनपुर अनुविभाग के अंतर्गत मतदान केन्द्र 7 मोहगांव के बीएलओ श्री नंदकिशोर कटारे, मतदान केन्द्र 14 घूरवाड़ा के बीएलओ श्री लक्ष्मण सिंह वट्टी, मतदान केन्द्र 37 छत्तखाड़ा के बीएलओ श्री मनीष कटकवार, मतदान केन्द्र 24 डोभी कन्हरगांव के बीएलओ श्री महेश कुमार सिगौर, मतदान केन्द्र 44 बल्लम डुंगरिया के बीएलओ श्री धीरज कुमार मिश्रा, मतदान केन्द्र 68 चमरवाही के बीएलओ श्रीमती सुमित्रा उइके, मतदान केन्द्र 88 डोभी खौरी के बीएलओ श्रीमती रेणुका राय, मतदान केन्द्र 99 सकवाह के बीएलओ श्री शिवकुमार सिगौर और मतदान केन्द्र 117 भोगाद्वार के बीएलओ श्री नर्मदा प्रसाद हरदाहा शामिल है।

# शाला के बच्चों से बनवाया जा रहा मध्यान्ह भोजन

हरिभूमि न्यूज >> मण्डला/भुआबिछिया




शासकीय एकीकृत माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला, ग्राम पंचायत पड़रिया, जनपद क्षेत्र बिछिया के विद्यालय में अध्यनरत छोटे छोटे छात्रों से मध्यान भोजन बनवाया जा रहा है, जो एक गंभीर विषय है। जहां बच्चे स्कूल में ज्ञान अर्जन करने अध्ययन के लिए जाते हैं, वहां बच्चों से ही मध्याह्न भोजन बनवाने का कार्य शिक्षकों, शाला प्रशासन और मध्याह्न भोजन बनाने वाली कमेटी, उसको संचालित करने वाले विभाग की लापरवाही सामने आई। इस प्रकार के कृत्य उक्त शाला तथा विभाग की शिक्षा कार्य के प्रति उदासीनता और घोर लापरवाही उजागर करती है। अब देखते हैं कि मामला सामने आने पर संबंधितों पर सक्षम अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं।

**आक्रोश** | **आक्रोशित सोनी समाज ने पुलिस अधीक्षक से की भेंट।**

# लुटेरों को शीघ्र गिरफ्तार करने सौंपा ज्ञापन





*** घटना के 4 दिन बाद भी पुलिस के खाली हैं हाथ।**

हरिभूमि न्यूज >> मण्डला

मण्डला में 4 दिन पूर्व जो सनसनी खेज वारदात हुई थी उसको लेकर आज भी पुलिस के पास लुटेरों का कोई सुराग नहीं लग सका है पीड़ित सराफा परिवार अपने कारोबार को लेकर चिंतित बना हुआ है यही कारण है कि कल सोनी समाज के पदाधिकारियों ने शीघ्र कार्यवाही करने और ठोस कार्यवाही करने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें यह उल्लेख किया गया कि पिछले दिनों कटरा स्थित सराफा दुकान आयुषी ज्वेलर्स में लूट हुई और गोली चलाकर दुकान के संचालक को घायल किया गया उस पर कोई ठोस कार्यवाही सामने नहीं आई है इस वारदात के पूर्व भी लूटपात की घटनायें सराफा व्यापारियों के साथ हो चुकी हैं इससे सराफा व्यापारियों में भय व्याप्त है और वे अपना व्यापार करने में अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

सोनी समाज के अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से यह भी कहा कि लूटपात की घटना पर जल्द से जल्द कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई या आरोपीगणों को पकड़कर उन्हें उनके अंजाम तक नहीं पहुंचाया गया तो सराफा व्यापारी इस विषय को लेकर उग्र आंदोलन करने बाध्य होंगे तथा संपूर्ण जिले में सराफा से संबंधित व्यापार बंद रखेंगे और इस प्रदर्शन आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### क्या हवा में हाथ-पैर मार रही पुलिस

सराफा व्यापारी के साथ लूट की जो घटना हुई वह पलक झपकते की गई और फिर शाम के समय ही मण्डला जिले की सीमा से लुटेरे भाग खड़े हुये हालांकि पुलिस के द्वारा जगह-जगह नाकेबंदी अवश्य की गई थी लेकिन जिस तरह की बात अब सामने आ रही है कि इस लूट में जबलपुर से तार जुड़े हो सकते हैं तो फिर ऐसा कैसा हुआ कि लुटेरे मण्डला जिले की सीमा से पार हो सके। आज के इस डिजीटल युग में जबकि कम्युनिकेशन के तमाम संसाधन मौजूद हैं और छोटी सी घटना भी व्यापक स्तर पर चर्चित हो जाती हे ऐसे में जबकि लूट में शामिल गाड़ी से सभी परिचित थे उसका मण्डला से बाहर चले जाना बहुत से सवाल खड़े करता है इसके साथ ही पुलिस आज भी पूरी जांच में उन सीसीटीव्ही कैमरों पर आधारित है जो निजी व्यापारिक प्रतिष्ठानों में लगे हुये थे कोई भी स्वयं का पुलिस के पास ऐसा संसाधन सार्वजनिक नहीं हो पा रहा जिसके माध्यम से पुलिस लुटेरों के बारे में पूरी जानकारी एकत्रित कर सके लुटेरे जिस कार से आये वह कहां से आई, किस रास्ते आई, घटना के पूर्व लुटेरे कहां थे और क्या कर रहे थे इस तरह के बहुत से प्रश्न हैं जो फिलहाल पुलिस के लिये सिरदर्द बने हुये हैं।



# नेशनल लोक अदालत में विद्युत संबंधी प्रकरणों में ब्याज की राशि पर

*** मिलेगी 100 प्रतिशत छूट।**

हरिभूमि न्यूज >> मण्डला




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2025 की आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसम्बर 2025 को सम्पूर्ण देश में किया जाना है, इसी तारतम्य में जिला एवं सत्र न्यायालय मंडला में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला श्री कमल जोशी के निर्देशन एवं श्रीमान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला श्री तपन धारगा के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी प्रकार के राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरण, विद्युत प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण प्रकरण, भरण-पोषण, चैक बाउन्स, श्रम, राजस्व, पारिवारिक वैवाहिक मामले न्यायालय के प्रकरणों के साथ-साथ, भू-अर्जन, बैंक, नगरपालिका, बीएसएनएल, श्रम विभाग, विद्युत विभाग के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा।

राज्य शासन द्वारा विद्युत अधिनियम 2003, की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये दिनांक 13दिसम्बर 2025 को होने वाली नेशनल लोक अदालत में लंबित प्रकरणों में निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को निम्नानुसार छूट दी जा रही है।

प्री-लिटिगेशन स्तर परः- कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। लिटिगेशन स्तर परः-कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

# अस्पताल प्रबंधन और स्टाफ ने जाने आग पर काबू पाने के तरीके, दिया डेमो



डिंडोरी। नेशनल बिल्डिंग कोड और आपदा प्रबंधन नियमों के परिपालन में सोमवार को जिला अस्पताल प्रबंधन,नर्सिंग स्टाफ और सुरक्षा कर्मियों को आग से बचाव के तरीकों के बारे जानकारी दी। इस दौरान बतलाया गया कि आग लगने पर अग्निशमन यंत्रों का उपयोग किस तरह करना चाहिए इसके साथ ही जानकारी दी गई कि अग्निशमन यंत्र पांच प्रकार के होते हैं और उनका अलग अलग उपयोग अग्नि को काबू पाने में किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त रेत, बालू और पानी से भी आग पर काबू पाने के कारगर उपाय समझाये गये। इसके साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों को व्यवहारिक तरीके से प्रशिक्षण देकर जागरूक किया गया कि आग पर अग्निशमन यंत्र के द्वारा कैसे नियंत्रण पाया जाता है। इस दौरान अस्पताल प्रबंधक योगेंद्र उइके ने उपस्थित कर्मियों को बतलाया कि आपदा प्रबंधन सीखना क्यों जरूरी है। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में घबराना नहीं चाहिये और अपने अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग कर आग को बुझाने का कार्य करना चाहिये।प्रशिक्षण में डेमो के जरिये अग्निशमन यंत्रों का लॉक तोड़ना, पिन निकालना व कितनी दूरी से उससे आग पर काबू पाया जा सकता के बारे में जानकारी कृत्रिम प्रदर्शन के जरिये दी गई।इस दौरान अस्पताल प्रबंधक योगेंद्र उइके,वरिष्ठ लेखापाल राजकुमार साहू,नर्सिंग ऑफिसर अंजना धुर्वे,जयमति नंदेहा सहित समस्त अस्पताल अमला मौजूद रहा।

# पडरिया खुर्द में आत्मा परियोजना के तहत समूह क्षमता कार्यक्रम आयोजित





किसानों को दी गई विभागीय योजनाओं और उन्नत कृषि तकनीकी की जानकारी

शहपुरा- शहपुरा क्षेत्र ग्राम पडरिया खुर्द में आत्मा परियोजना के अंतर्गत सोमवार को समूह क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग, उद्यान विभाग और प्रदान संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों को विभागीय योजनाओं, कृषि नवाचारों और मौसम आधारित उन्नत तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने फसलों की उत्पादकता बढ़ाने, आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग, और उद्यानिकी विस्तार से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए। अधिकारियों ने किसानों से उपलब्ध सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने और समूह के माध्यम से सामूहिक खेती व विपणन को बढ़ावा देने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए और प्रशिक्षण का लाभ लिया।

## खबर संक्षेप

### खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन 26 नवंबर को

डिंडोरी। खादी और ग्रामोद्योग आयोग, राज्य कार्यालय भोपाल द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर 26 नवंबर 2025, बुधवार को जिला डिंडोरी में आयोजित होगा। जागरूकता शिविर दोपहर 2:00 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जिला डिंडोरी में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं एवं युवतियों को पीएमईजीपी योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें स्व-रोजगार के लिए प्रोत्साहित करना है कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी इस शिविर में शामिल हो सकें। संबंधित अधिकारीगण, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों को भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी वर्ष पर प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन

बिरसिंहपुर पाली। 24 नवंबर 2025को अपराह्न 2:00 बजे से शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली में गुरु तेग बहादुर की 350वां शहीदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य श्री हरलाल अहिरवार ने अपने उद्बोधन में मानवीय करुणा, सामाजिक एकता और गुरु सेवा पर अपने विचार व्यक्त किया। मंच का संचालन कर रहे डॉक्टर मंसूर अली ने बताया कि गुरु की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। इस कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉक्टर शाहिद सिद्दीकी ने किया। कार्यक्रम में श्री अनुभव श्रीवास्तव डॉ नरेश शुक्ला, डॉ मनीषा अग्रवाल, डॉ रितु सेन,श्री बालेंद्र यादव उपस्थित रहे।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में रूचि नहीं लेने और कमजोर प्रगति वाले 17 बीएलओ सुपरवाइजर और 61 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।एस डी एम प्रमोद चतुर्वेदी ने मतदान केन्द्र क्रमांक 61 से 80 के नोडल अधिकारी और अनुविभागीय अधिकारी पीएचई जितेन्द्र गुप्ता द्वारा प्रगति न्यून होने और फ़ोन नहीं उठाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनसे 24 नवंबर को समक्ष में उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान केंद्रों में बीएलओ एप में गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य 40 प्रतिशत से कम होने पर 17 बीएलओ सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण एक सप्ताह के अंदर करना सुनिश्चित करें । जो विभाग प्रमुख डी ग्रेड की श्रेणी में है वे सभी विभाग ए ग्रेड में आना सुनिश्चित करें । बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। कलेक्टर ने आईगॉट में समस्त कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन कराने, सामाजिक न्याय विभाग को ई केवायसी के कार्य में प्रगति लाने, जल जीवन मिशन को समूह नल जल योजना का कार्य समय सीमा मे पूरा करने के निर्देश दिए । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर रीता डहेरिया सहित अन्यर जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# शहपुरा में भाजपा का 'घर-घर संपर्क' अभियान



शहपुरा - भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंडल शहपुरा द्वारा नगर के बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान को लगातार गति दी जा रही है। पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी इस पहल के तहत घर-घर जाकर नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं। इसी कड़ी में, अभियान का महत्वपूर्ण चरण शनिवार को भैरव वार्ड में संपन्न हुआ। भैरव वार्ड में, बूथ अध्यक्ष के साथ-साथ मंडल महामंत्री नितिन गुप्ता ने स्वयं मोर्चा संभाला।मंडल महामंत्री नितिन गुप्ता और अभियान दल के अन्य सदस्यों ने भैरव वार्ड के प्रत्येक घर तक पहुंचकर लोगों से मुलाकात की। इस जनसंपर्क का मुख्य आकर्षण नागरिकों को एसआइआर (SIR) के संबंध में विस्तृत और आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। कर्मचारियों ने इस दौरान नागरिकों के संदेहों का निवारण किया और उन्हें एसआइआर से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। अभियान दल द्वारा जानकारी देते हुए कर्मचारी की तस्वीर भी सामने आई है, जो जनसंपर्क की गंभीरता को दर्शाती है। भाजपा मंडल का यह 'घर-घर संपर्क' अभियान संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और महत्वपूर्ण विषयों पर जनता के बीच जागरूकता फैलाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

# सारसडोली में सड़क हादसाः बाइक–पिकअप की भिड़ंत में युवक की मौत

**सुड़गांव कठौतिया निवासी मुकेश साहू की मौके पर ही मौत, पुलिस जांच में जुटी**

शहपुरा- मेंहदवानी थाना क्षेत्र के ग्राम सारसडोली में सोमवार सुबह करीब 8 बजे हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। ग्राम सुड़गांव कठौतिया निवासी पिट्टल उर्फ मुकेश साहू अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, इसी दौरान सामने से आ रही पिकअप वाहन से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

हादसे की खबर लगते ही मेंहदवानी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर ग्रामीणों और परिजनों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेंहदवानी अस्पताल भिजवा दिया है। दुर्घटना में शामिल पिकअप वाहन की पहचान की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि हादसा तेज रफ्तार के कारण हुआ या सड़क पर अचानक सामने आने की वजह से टक्कर हुई। अधिकारियों का कहना है कि घटना के वास्तविक कारणों का पता वाहन जांच पड़ताल के बाद स्पष्ट होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर कई वाहन तेज रफ्तार में गुजरते हैं, जिसके कारण दुर्घटनाएँ अक्सर होती रहती हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



# बजाग व करंजिया में बीएलओ और टीम का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण





बजाग/करंजिया। कलेक्टर के निर्देश तथा एसडीएम बजाग के मार्गदर्शन में मंगलवार को बजाग और करंजिया क्षेत्र में नियुक्त बीएलओ (**BLO**) एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। करंजिया के गोरखपुर क्षेत्र में स्थित मतदान क्रमांक 252 और 253 के बीएलओ का भी विशेष रूप से चिकित्सकीय परीक्षण किया गया।

स्वास्थ्य परीक्षण डॉक्टरों और चिकित्सा दल द्वारा किया गया, जिसमें रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन, वजन, आंखों की जांच सहित आवश्यक परीक्षण शामिल रहे। डॉक्टरों ने बताया कि फील्ड में लगातार कार्यरत बीएलओ का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण बेहद आवश्यक है, ताकि वे बिना किसी स्वास्थ्य जोखिम के अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें।चिकित्सा टीम ने बीएलओ को आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया। अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन की यह पहल कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।बीएलओ एवं टीम सदस्यों ने स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रशासन का धन्यवाद दिया और इसे उपयोगी बताया। प्रशासन द्वारा ऐसी पहल आगे भी जारी रखने की बात कही गई है।

# एसडीएम के निर्देश पर जनपद पंचायत टीम ने स्कूल में बच्चों के साथ बैठकर किया मध्याह्न भोजन का परीक्षण



बजाग। एसडीएम बजाग के निर्देशन में जनपद पंचायत बजाग की टीम द्वारा क्षेत्र के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में परोसे जाने वाले मध्याह्न भोजन (Mid-Day Meal) की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद टीम ने बच्चों के साथ बैठकर स्वयं भोजन कर उसकी गुणवत्ता, स्वच्छता और स्वाद का परीक्षण किया।निरीक्षण टीम ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों को स्वच्छ, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन प्राप्त हो। टीम ने भोजन में उपयोग होने वाली सामग्री, रसोईघर की साफ-सफाई और भोजन वितरण व्यवस्था की भी समीक्षा की।अधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि भोजन की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार सुधार कार्य निरंतर जारी रहें।बच्चों ने गुणवत्तापूर्ण भोजन प्राप्त होने पर संतोष व्यक्त किया। जनपद पंचायत का यह कदम शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# उ. मा. वि.सरई का सहायक आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

**अनुपस्थित शिक्षकों के लिए जारी किया गया नोटिस**



डिंडौरी । सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य राजेंद्र कुमार जाटव ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में विद्यालय परिसर की साफ सफाई, प्रयोगशाला कक्ष का व्यवस्थित न होना, विद्यालय में छात्र/ छात्राओं की कम उपस्थिति, शिक्षक उपस्थिति पंजी में अनेकों शिक्षकों के हस्ताक्षर न पाया जाना ना ही हस्ताक्षर न होने का कोई कारण इन्द्राज किया गया। स्मार्ट क्लास के उपकरण लगे हुए हैं, परंतु संचालन नहीं होना पाया गया। सहायक आयुक्त ने गंभीरता से लेते हुए शासकीय सेवक के रूप में सेवा के प्रति कदाचरण एवं मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम के प्रतिकूल तथा शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में स्वैच्छाचारिता के अंतर्गत अनुपस्थित शिक्षक श्रीमती यसी ब्यौहार उच्च माध्यमिक शिक्षक, राकेश धुर्वे माध्यमिक शिक्षक, सी बी वनवासी उच्च माध्यमिक शिक्षक शिक्षक को नोटिस जारी किया है। वहीं श्रीमती कीर्ति धुर्वे प्रभारी प्राचार्य को कार्यों के प्रति लापरवाही पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर दो दिवस के अन्दर जवाब प्रस्तुत किया जाएगा संतोषजनक जवाब नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# 4 दिसंबर तक चलेगा जागरूकता एवं सेवा अभियान



डिंडौरी । परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 21 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक जिले में आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी को बढ़ावा देना तथा समुदाय में जागरूकता फैलाना है।

इसी क्रम में विकासखंड समनापुर के ग्राम रंजरा , बंजरा , गौराकन्हारी में जागरूकता रैली के साथ प्रचार प्रसार किया गया अभियान के पहले चरण में 21 से 27 नवंबर 2025 तक विभिन्न क्षेत्रों में मोबिलाइजेशन एवं सामाजिक जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। दूसरे चरण में, 28 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक जिला अस्पताल तथा विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर पुरुष नसबंदी की जाएगी।स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पुरुष नसबंदी एक बेहद सरल, सुरक्षित और त्वरित प्रक्रिया है, जिसमें केवल 5 से 10 मिनट का समय लगता है। इसमें किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती तथा पुरुष को भर्ती होने की आवश्यकता भी नहीं होती। प्रक्रिया के बाद वे तुरंत घर जा सकते हैं। महिला नसबंदी की तुलना में पुरुष नसबंदी अधिक सरल और सुरक्षित विधि मानी जाती है। अभियान के तहत पुरुष नसबंदी कराने वाले लाभार्थियों को 3000 रुपये प्रोत्साहन राशि, तथा उन्हें प्रेरित करने वाले प्रेरक को 400 रुपये प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किए जाएंगे। परिवार नियोजन संदेश को बढ़ावा देते हुए विभाग ने जनसामान्य से अपील की है "अब पुरुष निभाएंगे जिम्मेदारी, परिवार नियोजन अपनाकर दिखाएंगे अपनी भागीदारी।

# मुस्कान विशेष अभियान के तहत डिंडौरी पुलिस की कार्रवाई

**जागरूकता और दस्तयाबी में मिली उल्लेखनीय सफलता**



डिंडौरी। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर संचालित मुस्कान विशेष अभियान के तहत डिंडौरी पुलिस द्वारा नाबालिग गुमशुदा बालिकाओं की खोज, बालिकाओं के पलायन की रोकथाम, सुरक्षा और जागरूकता को लेकर लगातार प्रभावी गतिविधियाँ की जा रही हैं।अभियान के तहत बुधवार को कस्तूरबा कन्या शाला डिंडौरी में लगभग 600 छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा, बाल तस्करी और बाल विवाह जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के साथ संवाद स्थापित कर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।इस अवसर पर एसडीओपी डिंडौरी सतीष द्विवेदी, थाना प्रभारी कोतवाली दुर्गा प्रसाद नगपुरे, यातायात थाना प्रभारी सुभाष उईके सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

गौरतलब है कि 01 नवंबर 2025 से लगातार संचालित मुस्कान विशेष अभियान के तहत अब तक डिंडौरी पुलिस ने जिले व बाहरी राज्यों से कुल 21 नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित खोजकर उनके परिजनों को सौंपा है। ये सफलताएँ डिंडौरी पुलिस की संवेदनशीलता, दक्षता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

# एसआईआर प्रक्रिया में बीएलओ पर काम का दबाव, घर-घर सत्यापन में आ रही जमीनी दिक्कतें

**जिले में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की अंतिम तिथि 4 दिसंबर जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे जिले में इस अभियान की जमीनी हकीकत सामने आने लगी है। कागजों में सुचारू दिख रही यह प्रक्रिया फील्ड में कई व्यवहारिक समस्याओं से जूझ रही है। घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन का काम करने वाले बूथ लेवल ऑफिसर से लेकर आम नागरिक तक इस प्रक्रिया को लेकर असमंजस और दबाव की स्थिति में नजर आ रहे हैं।**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

पहाड़ी व दूर दराज के क्षेत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक बीएलओ पर काम का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। एक-एक बीएलओ को सैकड़ों घरों का सत्यापन करना है, जहां उन्हें फॉर्म भरने के साथ-साथ आधार, राशन कार्ड, बिजली बिल जैसे दस्तावेजों का मिलान भी करना पड़ रहा है। समय सीमा कम होने के कारण कई कर्मचारी देर रात तक फील्ड में काम करने को मजबूर हैं, जिससे काम की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जिले के ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी एक बड़ी समस्या बनकर सामने आई है। अमरकंटक, राजेन्द्रग्राम सहित दूर दराज में नेटवर्क की कमजोरी के चलते ऑनलाइन एंट्री और फोटो अपलोड का काम बार-बार बाधित हो रहा है। शहर की झुग्गी बस्तियों और पुराने मोहल्लों में सहित गांवों मे रहने वाले कई लोगों के पास पूरे दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। कई परिवारों में नाम की स्पेलिंग, जन्मतिथि या पते को लेकर आधार कार्ड और अन्य पहचान पत्रों में भिन्नता पाई गई है। इससे बीएलओ और नागरिकों के बीच बहस की स्थिति भी कई जगह देखने को मिली है। नागरिकों का कहना है कि उन्हें स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई कि कौन से दस्तावेज मान्य हैं और किस स्थिति में उनका नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहेगा।

### नाम कटने का डर और अफवाहों का असर

जिले में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सबसे बड़ी चिंता मतदाताओं के मन में नाम कटने का डर है। कई लोगों को यह भ्रम है कि यदि किसी कारणवश सत्यापन के दौरान गलती हो गई तो उनका नाम स्थायी रूप से वोटर लिस्ट से हट सकता है। इसी डर के चलते कुछ लोग बीएलओ को जानकारी देने से भी कतराने लगे हैं। सोशल मीडिया और मोहल्लों में फैली अफवाहों ने इस डर को और हवा दी है। ऐसे मे लोगों को यह भरोसा दिलाने की जरूरत है कि सत्यापन का उद्देश्य नाम काटना नहीं, बल्कि सूची को सही और पारदर्शी बनाना है।

### राजनीतिक माहौल का भी दबाव

अनूपपुर में राजनीतिक रूप से एसआईआर प्रक्रिया पर नजर रखी जा रही है। विभिन्न दलों के कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं। कहीं-कहीं बीएलओ पर परोक्ष दबाव डालने और शिकायतें दर्ज कराने की घटनाएं भी सामने आई है। जिस कारण प्रशासनिक अधिकारियों को बार बार समीक्षा बैठकें कर कर्मचारियों को दिशा-निर्देश देने पड़ रहे हैं, जिससे अभियान की गति प्रभावित हो रही है। गरीब बस्तियों, घरेलू काम करने वाली महिलाओं और वृद्ध मतदाताओं के सामने सबसे ज्यादा समस्या आ रही है। कई विधवा महिलाओं के पास पहचान के पुराने दस्तावेज हैं, जिनमें पति का नाम या पता अब सही नहीं है। ऐसी स्थिति में बीएलओ स्वयं भी असमंजस में हैं कि किस आधार पर सत्यापन किया जाए। जिले भले ही प्रशासन रोजाना प्रगति की रिपोर्ट जारी कर रहा हो. लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि कई क्षेत्रों में अभी भी बड़ी संख्या में घरों का सत्यापन बाकी है। अगर यह प्रक्रिया तय समय सीमा में पूरी नहीं हो पाती है तो बाद में आपत्तियों और सुधारों का बोझ और बढ़ सकता है।

### अब तक 355371 गणना पत्रक हुए डिजिटलाइज्ड

जिला प्रशासन ने बताया कि जिले के 15 मतदान केन्द्रों के बीएलओ ने अपने सभी मतदाताओं के गणना पत्रक संकलित करके शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कर दिया है। अन्य बीएलओ गणना पत्रक संकलित करके बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइज कर रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षल पंचोली ने बताया कि अब तक जिले के 355371 मतदाताओं से गणना पत्रक प्राप्त कर उसे डिजिटाइज कर दिया गया है। यह कुल लक्ष्य का 65.83 प्रतिशत है। विधानसभा क्षेत्र कोतमा में लक्ष्य का 64.20 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र अनूपपुर में लक्ष्य का 60.64 प्रतिशत तथा विधानसभा क्षेत्र पुष्पराजगढ़ में लक्ष्य का 71.71 प्रतिशत डिजिटाइजेशन हो गया है। अब तक विधानसभा क्षेत्र कोतमा में 98426, विधानसभा क्षेत्र अनूपपुर में 110102 तथा विधानसभा क्षेत्र पुष्पराजगढ़ में 146943 गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं। मतदाताओं से बड़ी संख्या में गणना पत्रक प्राप्त हो गए हैं। इन्हें डिजिटाइज करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक तथा अन्य तकनीकी कर्मचारी बीएलओ को लगातार सहयोग कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए मंत्री श्री पटेल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शनिवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी कार्यालय नरसिंहपुर में नव निर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि रेडक्रास सोसायटी अंतर्राष्ट्रीय संस्था है, जो जनकल्याण का कार्य कर रही है। जिले में रेडक्रास सोसायटी के लिए वित्तीय प्रबंधन में कभी भी कमी नहीं होने दी जाएगी, यह हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि रेडक्रास सोसायटी हमारी स्वस्थ प्रणाली को नई दिशा, दृष्टि और प्रेरणा भी प्रदान करती है। रेडक्रॉस को वित्तीय स्वावलंबन देना, उसकी आत्मनिर्भरता और सक्षमता तीनों जरूरी हैं, इसके लिए रोडमैप स्पष्ट होना चाहिए। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि टी.बी. एक गंभीर बीमारी है, टी. बी. से पीड़ित मरीजों का समय पर उपचार करें और उन्हें पोषण आहार भी दें। उन्होंने सिकलसेल बीमारी से पीड़ित मरीजों के उपचार के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि सरकार सिकलसेल बीमारी से पीड़ित मरीजों का उपचार कर रही है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाईयों का सामना न करना पड़े और मरीजों का समुचित उपचार हो सके। मंत्री श्री पटेल ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, रामसनेही पाठक, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### नहीं रहे पं. संतोष गौतम



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के ग्राम सुखाखेरी निवासी पं. संतोष गौतम का 82 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया है। आप संदीप और सतीश गौतम के पिता थे। जिनका अंतिम संस्कार आज मंगलवार को स्थानीय ग्राम सूखा खैरी स्थित मुक्तिधाम में किया जावेगा। बताया गया कि वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे।

### मंत्री श्री पटेल ने मॉडल रोड का भूमिपूजन किया



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने शनिवार को गांधी चैराहा के समीप पं. दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रकाश मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर से स्टेडियम ग्राउंड तक 1.5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली मॉडल रोड का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के दौरान पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, रामसनेही पाठक, नगर पालिका उपाध्यक्ष अजीत ठाकुर, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, सुनील कोठारी, पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।

## नियमों पर धता दिखा रहे मांस विक्रेता

# मंदिर व शासकीय कार्यालय के पास बिक रहा मांस

### अराजकताः शराबियों को लगता है जमावड़ा

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जिले मे सरकार के नियमों का किस तरह पालन हो रहा है यह तो जिला मुख्यालय पर बखूबी देखा जा सकता है। जहां पर प्रशासन की नाक के नीचे मांस विक्रेताओं द्वारा सरकार के नियमों को धता दिखा जा रहा है। वही प्रशासन के आला कमान अधिकारी मूक दर्शक बने हुए है। लेकिन मांस विक्रेताओं पर कोई कार्रवाई नही हो पा रही है। जबकि सरकार के नियम अनुसार मंदिर से सौ मीटर दूर तक किसी भी स्थिति मे मांस की दुकान नही होनी चाहिए। लेकिन यहां पर मंदिर से पचास कदम की दूरी पर ही मांस की दुकानें सजी हुई है और शाम को शराबी मदिरापान कर मांस का भक्षण के उपरांत रोड पर हंगामा करते रहते है। जबकि सरकार द्वारा मांस ब्रिकी के लिए एकांत क्षेत्र में खोले जाने तथा मांस को ढक कर विक्रय करने का नियम बनाया गया है साथ ही यह भी नियम बनाया गया है कि मांस की दुकान धार्मिक स्थानों से नियत दूरी पर भी होनी चाहिए।

### शासकीय कार्यालय व मंदिरों के पास मांस की दुकान

सरकार द्वारा मांस विक्री को लेकर नियम लेकिन धरातल पर नियमों का पालन नही हो रहा है। जिस पर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है। शासकीय रेस्ट



हाउस में मंदिर बना हुआ है और ठीक 50 कदम सामने मांस की दुकान है वहीं दूसरी ओर सहकारी बैंक परिसर मे मंदिर तथा तीसरा मंदिर टाकीज के सामने है सभी मंदिरों के सामने महज 50 कदम दूर धड़ल्ले से मांस का विक्रय किया जा रहा है। मांस की दुकान पर अधिकांश शराबियों का आना जाना होता है शराबी नशे मे धुत होते है जिससे महिलओं को आने जाने में भी परेशानी होती है तथा भय का वातावरण बना रहता है। वही सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार मंदिरों के सामने मांस की दुकान वर्जित है तो प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्रवाई कर उन्हे हटाया क्यों नही जा रहा है। प्रशासन की नाक के नीचे नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से मांस का विक्रय किया जा रहा है तथा प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी अनदेखा कर रहे है। प्रशासन को चाहिए कि ऐसे दुकानदारों पर ठोस कार्रवाई कर दुकानों को हटवाया जाए जिससे नगर का सौंहार्द्र बना रहे तथा नियमों का सही ढंग से पालन हो सके।

### प्रशासन कार्रवाई कर वसूले जुर्माना

कलेक्ट्रेट मार्ग पर लोक सेवा केन्द्र से लेकर टाकीज तक लगने वाली मांस की दुकानों पर प्रशासन द्वार जांच कर ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए तथा नियम विरूद्ध पाए जाने पर दुकानदारों पद ठोस कार्रवाई कर उन्हे विस्थापित किया जाए। जिससे क्षेत्र मे शांति का माहौल रहे तथा आने जाने वाले सुरक्षित महसूस कर सकें। कई बार राहगीरों के साथ बदसलूकी की घटनाएं भी सामने आई हैं, परंतु पुलिस गश्त न के बराबर है। यदि स्थिति ऐसी ही रही तो यह क्षेत्र जल्द ही असामाजिक गतिविधियों का अड्डा बन सकता है। प्रशासन ठोस कार्रवाई करे। जिससे लोगों को अराजकता के माहौल से छुटकारा मिल सके। प्रशासन को चाहिए की उक्त दुकानदारों पर ठोस कार्रवाई कर जुर्माना वूसला जाए था उनकी दुकानों को एकांत क्षेत्र मे विस्थापित कराया जाए।

### क्षेत्र में अराजकता का माहौल

नगर में लोक सेवा केन्द्र के सामने रोड पर मांस तथा ऑनलाइन दुकान संचालित की जा रही है। कार्यालय बंद होते ही आनलाइन दुकान भी लगभग बंद हो जाती है और फिर प्रारंभ होता असली खेल जो देर रात तक अनवरत चलता रहता है। मांस की दुकान के पास लोगों द्वारा शराबखोरी की जाती है तथा मांस खाया जाता है और उसके अवशेष व गंदगी कार्यालय के आसपास फेंकी जाती है। लोक सेवा केन्द्र से लेकर टाकीज क्षेत्र तक शराबियों की महफिल सजी रहती है। वहीं मांस का विक्रय करने वाले दुकानदारों की विक्री भी ज्यादा होती है और क्षेत्र मे अराजकता का माहौल बना रहता है जबकि उक्त क्षेत्र मे ही सभी शासकीय कार्यालय है तथा अधिकारियों का देर तक आना जाना लगा रहता है। लेकिन उक्त ओर प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है।

## कंटेनर ने महिला को रौंदा हुई मौत, परिजनों ने किया चक्काजाम



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सोमवार की सुबह नेशनल हाइवे 44 पर कंटेनर ने महिला को रौंद दिया जिससे महिला की मौक पर मौत हो गई। वही गुस्साए परिजनों ने हाइवे पर चक्काजाम कर दिया। बताया गया कि बांसकुआरी गांव के स्वागत गेट के ठीक सामने रॉन्ग साइड (गलत दिशा) से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पर पैदल जा रही एक महिला को बेरहमी से रौंद दिया, जिसके कारण उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतिका सुमन पति राजेश ठाकुर उम्र 40 वर्ष मजूदरी करने के लिए जा रही थी तभी यह हादसा हो गया। इस गंभीर दुर्घटना ने एक बार फिर हाईवे पर भारी वाहनों की तेज गति, लापरवाहीपूर्ण ड्राइविंग और सड़क सुरक्षा के मानकों के कार्यान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह एनएच-44 स्थित बांसकुआरी तिराहे के समीप ट्रक क्रमांक एनएल 01 एपी 7631 ने महिला सुमन ठाकुर को टक्कर मारी। घटना इतनी भीषण थी कि महिला ने तुरंत दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और मृतका के परिजनों में भारी आक्रोश फैल गया। उन्होंने तुरंत कार्रवाई की मांग करते हुए तत्काल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। इस चक्काजाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और दिल्ली-दक्षिण कॉरिडोर का यातायात लगभग दो घंटे तक पूरी तरह से ठप्प रहा, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए पुलिस, राजस्व और एनएच विभाग की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं। धटना की जानकारी लगत ही एसडीएम मणिन्द्र कुमार एवं एसडीओपी मनोज गुप्ता के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्तेजित ग्रामीणों और परिजनों से बातचीत शुरू की और उन्हें शांत करने का प्रयास किया। लंबी समझाइश और उचित कानूनी कार्रवाई के आश्वासन के बाद आखिरकार चक्का जाम को खुलवाया जा सका और यातायात बहाल हुआ। एसडीओपी मनोज गुप्ता ने बताया कि दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक चालक को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया है और लापरवाही से जुड़े साक्ष्य जुटाने के लिए कंटेनर को भी जब्त कर मामला पंजीबद्ध किया गया है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि यह गंभीर हादसा पूरी तरह से गलत दिशा में चल रहे वाहन के कारण हुआ था। प्रशासन ने पीड़ित परिवार को तत्काल राहत प्रदान करते हुए राजस्व विभाग की ओर से मौके पर ही 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि सौंपी। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को निष्पक्ष जांच के साथ नियमानुसार आगे की सहायता का भी भरोसा दिया गया है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में पीआईयू द्वारा जिले में 5 सीएम राइज स्कूलों का निर्माण अंतिम चरण में है। कलेक्टर ने उक्त निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम तेंदूखेड़ा को निर्देशित किया कि सीएम राइज स्कूल सांईखेड़ा के कम्पस में अतिक्रमण की समस्या का समाधान करें, जिससे रोड व बाउंड्रीबॉल के निर्माण कार्य पूर्ण किए जाएं। उन्होंने सीएम राइज स्कूल में एप्रोच रोड बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एनएच 45 के अंतर्गत सरसला चैराहा पर साइन बोर्ड, रिफ्लेक्टर लगाने के भी निर्देश दिए। एनएचएआई जबलपुर व सागर से कहा कि



आरओबी का जहां निर्माण हो रहा है, वहां सर्विस रोड की स्थिति को तत्काल ठीक किया जाए। जबलपुर से पिपरिया जाने वाले मार्ग की मरम्मत एवं सभी टोल की सर्विस रोड ठीक करने के निर्देश दिए। जिले में किसी भी स्थान पर रोड, आरओबी, मरम्मत कार्य, ब्रिज आदि के निर्माण कार्य शुरू करने से पहले समाचार पत्रों में सूचना देने और सांकेतिक चिन्ह लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में गोटेगांव, सिमरिया, मनकवारा में आरओबी निर्माण के तहत बनाई गई सर्विस रोड को तत्काल ठीक करने और सांकेतिक चिन्ह लगाने के निर्देश दिए। बीडीसी एवं पीआईयू द्वारा स्वास्थ्य विभाग नरसिंहपुर के अंतर्गत निर्माण कार्य का संयुक्त निरीक्षण सीएमएचओ एवं निर्माण विभाग के अधिकारी द्वारा किए जाना सुनिश्चित किया जाए। गाडरवारा- तेंदूखेड़ा मार्ग में दुघर्टनाओं को कम करने के लिए एमपीआरडीसी एवं एनटीपीसी के अधिकारी संयुक्त निरीक्षण कर आवश्यक कार्य करना सुनिश्चित करें। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। एमपीआरडीसी के अंतर्गत आने वाले जलमग्नीय पुल पर रैलिंग लगाने के निर्देश दिए गए। सभी निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा अधिकारी एवं कार्य कर रहे मजदूरों की जानकारी श्रम विभाग को प्रदान की जाए।

### सांसद की अध्यक्षता में दिशा समीति की बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सांसद चैधरी दर्शन सिंह की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक की शुरूआत राष्ट्रीयगीत वंदे मारतम् के साथ हुई। इसके पश्चात दो मिनिट का मौन धारण कर शहीद हॉक फोर्स के इंस्पेक्टर स्व. आशीष शर्मा जी को श्रद्धांजलि दी। बैठक में कृषि विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, खनिज विभाग, शिक्षा विभाग, जल संसाधन, विद्युत, महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खेल विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, जिला उद्योग, एनटीपीसी गाडरवारा, सामाजिक न्याय सहित विभिन्न विभागों की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में शराबबंदी के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करें। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल व विधायक महेन्द्र नागेश, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, जिला वन मंडलाधिकारी डॉ. कल्पना तिवारी, समिति के सदस्य और जिला अधिकारी मौजूद थे।

## हिड़की पिपरिया मार्ग पर 10 दिन से मृत पड़ा गौवंश, दुर्गंध से ग्रामवासी हलाकान

**गोटेगांव।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुआर के हिडकी पिपरिया क्षेत्र में इन दिनों गोटेगांव जमुनिया मुख्य मार्ग पर सड़क निर्माण का कार्य जारी है। लेकिन इसी व्यस्त और निर्माणाधीन मार्ग पर गंभीर अस्वच्छता का मामला देखा जा रहा है जिसने ग्रामीणों और राहगीरों की परेशानी बढ़ा दी है।ग्रामीणों के अनुसार हिड़की पिपरिया के पास पिछले लगभग दस दिनों से कुछ अज्ञात लोग मृत गोवंश को सड़क किनारे फेंक गए। लंबे समय से इनके पड़े रहने से पूरे क्षेत्र में असहनीय दुर्गंध फैल रही है। इससे भी अधिक चिंताजनक स्थिति यह है कि मृत पशुओं को आबारा कुत्ते नोंचते रहते हैं, जिसके कारण मार्ग पर भयावह और अस्वच्छ माहौल बना हुआ है। इस स्थिति ने न केवल



स्थानीय निवासियों का सामान्य आवागमन प्रभावित किया है, बल्कि आवारा पशुओं की बढ़ती मौजूदगी के कारण सड़क दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार ध्यान आकर्षित कराने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी अब तक इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए आगे नहीं आए हैं।ग्रामीणों ने एकजुट होकर पंचायत एवं प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने मृत गोवंश के वैज्ञानिक निस्तारण की स्थायी व्यवस्था बनाने तथा भविष्य में ऐसी अमानवीय घटनाओं पर पूर्ण रूप से रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि संबंधित विभाग जल्द कार्रवाई कर मार्ग को स्वच्छ, सुरक्षित और सामान्य यातायात योग्य बनाएगा।

## कन्या छात्रावास में शहीद आशीष शर्मा को दी श्रद्धांजलि



**गोटेगांव।** विकासखंड के अंतर्गत कन्या स्तरीय उत्कृष्ट संस्थान गोटेगांव कुम्हड़ाखेड़ा में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती आशा मेहरा स्नेह लता श्रीवास्तव अनिता राय अधीक्षिका पार्वती कतिया कलावती ठाकुर संध्या दुबे एवं छात्राओं द्वारा नक्सली मुठभेड़ में शहीद नरसिंहपुर जिले के आशीष शर्मा के चित्र पर मल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई इस अवसर पर छात्रा कुमारी कीर्ति सिलावट श्रद्धा डहरिया राजेश्वरी इकनोरिया द्वारा शहीदों की याद में गीत गाया एवं खुशहाली सिलावट काजल कुलस्ते को मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार दिए गए श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव द्वारा देश की आजादी में अपना योगदान देने वाले महापुरुषों के जीवन में प्रकाश डाला गया और अरुणिमा सिन्हा जैसी वीरांगनाओं के विषय में बताया जो एक पैर से विकलांग होने पर भी माउंट एवरेस्ट फतह किया इस कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती संध्या दुबे एवं आभार श्रीमती कलावती ठाकुर द्वारा किया इस दौरान छात्रावास की समस्त छात्राएं एवं महिला कर्मचारी उपस्थित रही।

## सत्य साईं सेवा समिति गोटेगांव द्वारा जन्म शताब्दी समारोह हर्षोल्लास से सम्पन्न



**गोटेगांव।** सत्य साईं सेवा समिति गोटेगांव द्वारा 23 नवंबर रविवार को सत्य साईं बाबा का जन्म शताब्दी समारोह बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। बाबा की असीम कृपा से आयोजित इस भव्य धार्मिक आयोजन में लगभग 3500 से अधिक भक्तों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम में जबलपुर से मुख्य वक्ता अंशुल श्रीवास्तव की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही गोटेगांव नगर के वरिष्ठ समाजसेवी इंजी सरदार सिंह पटैल, महेंद्र नागेश विधायक, समिति पदाधिकारी और भजन मंडलियाँ उपस्थित रहीं । आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए, जिनमें कमति, इमलिया, चांदनखेड़ा, सूरवारी, छीदामानी, कंधरापुर, सगरा, ठेमी, लूरैहटा, चौराखेड़ा, पोड़ी, बढ़ैयाखेड़ा, परसवाड़ा, खोवी, भैसा, ऊमरा, सिमरी बड़ी, कमोद, रहली, कमोदी, हिड़की, मुआर, कंजई खमरिया, कूशीं बाड़ा, नोनी करेली, नीमखेड़ा, महुआखेड़ा, पिपरिया, कुक्लाह, पोनियां, दबकिया, सिमरिया, बगलई तिघरा, अतरिया, चंदलोन, देगुवा, लांठ गांव, लम्हटा, मबई, उमरिया, श्रीनगर, बगासपुर, रामनिवारी, गोटेगांव खेड़ा, बरोदा, सहजपुर, देवनगर, तिरका, गौहचर, बगलई, तिघरा, दिघारी, कुम्हड़ाखेड़ा और अन्य गांव शामिल हैं।

### बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यक्रम की शुरुआत शोभायात्रा से हुई। इसके बाद नारायण सेवा, बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, आभार प्रदर्शन, महा मंगल आरती, विभूति वितरण और प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद साईं सेवा केंद्र में बाबा का जन्म दिवस केक काटकर मनाया गया। समिति ने कार्यक्रम में सेवा देने वाले सभी भक्तों और सहयोगियों का धन्यवाद और साधुवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम को बाबा के चरणों में समर्पित करते हुए सभी ने प्रार्थना की कि बाबा अपनी कृपा ऐसे ही बनाए रखें।

## श्री मज्जिनेंद्र कल्याणक महामहोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ 9से 15 दिसंबर के बीच

### जैन समाज जुटी तैयारियों में



**तेंदूखेड़ा।** नगर में भगवान मुनिसुब्रतनाथ जी के नवीन मंदिर निर्माण एवं प्रतिष्ठा आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में आगामी 9दिसंबर से 15 दिसंबर के बीच श्री मज्जिनेंद्र कल्याणक महामहोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।जिसे लेकर जैन समाज द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रहीं हैं। विगत दिनों कलश गार्डन परिसर में वेदी भूमि पूजन एवं पात्र चयन दिगम्बर जैन धर्म की परम्परा अनुसार पं सनत कुमार पं विनोद कुमार पं कमल कुमार शास्त्री जी के द्वारा विधी विधान से संपन्न कराया गया। पंचकल्याणक आयोजन समीति द्वारा आचार्य विद्यासागर जी महाराज आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस महायज्ञ को संपन्न कराने में दिगम्बर जैन धर्म की परम्परा अनुसार पात्रों ने बोली लगाकर सौभाग्य प्राप्त किया है। जिसमें सौधर्म इंद्र अंकित मोदी आरती मोदी कुबेर इंद्र अमिताभ मोदी अमिता मोदी महायज्ञ नायक अमित कोठारी दीपा कोठारी यज्ञ नायक आशीष सेठ माधुरी सेठ ईशान इंद्र शुभम जैन पाटन वाले सनित इंद्र अर्पित कुसमी वाले महेंद्र साकेत तेंदूडाबर बाहुबली प्रियंक जैन श्रीयांस राजा डा अखिलेश जैन राजा सोम अनुराग मोदी भरत चक्रवर्ती आयुश तेंदूडाबर का चयन हुआ है। गौरतलब रहे कि नगर के पुराने बस स्टैंड से मंडी रोड पर जाने वाले सड़क मार्ग पर मुनि सुब्रतनाथ जी का नवीन मंदिर निर्माण हुआ है। जिसका निर्माण विगत तीन वर्षों से अनवरत जारी है।इस भव्य मंदिर में मुनि सुब्रतनाथ जी की प्रतिष्ठा हेतु विशाल प्रतिमा भी जयपुर से लाई गई है। मंदिर निर्माण की एक ट्रस्ट भी बनाई गई है।जिसकी देख रेख में यह कार्य संपादित हो रहा है। आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के द्वारा ही इस मंदिर की आधारशिला रखी गई थी।